ज्ञानदीप

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
भारतीय रेल सिविल इंजीनियरिंग संस्थान, पुणे – 411 001
(आई. एस. ओ. : 9001-2000 प्रमाणित भारतीय रेल का प्रथम केंद्रीकृत प्रशिक्षण संस्थान)
Government of India
Ministry of Railways
INDIAN RAILWAYS INSTITUTE OF CIVIL ENGINEERING PUNE 411001
(Indian Railways First ISO-9001-2000 Certified Centralized Training Institute)

ज्ञान ज्योति से मार्गदर्शन
To Beam As A Beacon of Knowledge

संस्थान – डी ओ टी (020)
26122271, 26123436
26123680, 26113452
रेलवे – 55222, 55862

छात्रावास – डी ओ टी (020)
26130579, 26126816
26121669
रेलवे – 53101, 53102, 253103

फैक्स: 020-26128677
रेलवे: 55860, टेलीग्राम: रेलपथ
ई–मेल: mail@iricen.gov.in
वेब साइट : www.iricen.gov.in

वर्ष – 14 | अंक – 56 | अक्टूबर – दिसंबर 2010

सभी पाठकों को इरिसेन परिवार की ओर से नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं !

इस अंक में

1. मुख्य पुल इंजीनियरों का सेमिनार
2. मुख्य सामान्य इंजीनियरों एवं प्रशि. प्रबंधकों के लिए सेमिनार
3. प्रधान मुख्य इंजीनियरों का सेमिनार
4. सरकारी–निजी साझेदारी पर विशेष पाठ्यक्रम
5. इरिसेन छात्रावास मेस का निजीकरण
6. सतर्कता जागरुकता सप्ताह का आयोजन
7. राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 109वीं बैठक
8. स्वागत/विदाई
9. अन्य पाठ्यक्रम
10. बधाई/शुभकामनाएं
11. शब्द–ज्ञान
12. कविता
13. सृजन

'ज्ञानदीप' के 14वें वर्ष का यह आखिरी अंक आपके समक्ष प्रस्तुत करते हुए हमें अपार प्रसन्नता हो रही है। वर्ष के अंत में हम मुख्यत: संपूर्ण कार्यों की समीक्षा करते हैं। वर्ष 2010 का आरंभ संस्थान में IPWE सेमिनार के भव्य आयोजन से किया गया। स्थापना दिवस के साथ–साथ अन्य कई कार्यक्रम भी इस वर्ष उत्साहपूर्वक मनाए गए। सीमित संसाधनों के बावजूद इन कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए संस्थान के कर्मचारी और अधिकारीगण बधाई के पात्र हैं। समयाभाव या अन्य कारणवश संस्थान आने में असक्षम कर्मियों के प्रशिक्षण के लिए डिस्टेंट लर्निंग का भी शुभारंभ किया गया। संस्थान के वेबसाइट पर तकनीकी जानकारी की उपलब्धता में वृद्धि की गई। संस्थान में भिन्न भिन्न नए विषयों पर पाठ्यक्रम एवं सेमिनार आयोजित किए गए। अत्याधुनिक तकनीकी ज्ञान को संपन्न बनाने हेतु संकाय विदेशी दौरे पर गए तथा उनके द्वारा अर्जित ज्ञान को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया। फिल्म निर्माण, पुस्तकों का प्रकाशन,तकनीकी जरनल और प्रशिक्षण से लेकर सेमिनार एवं विभिन्न कार्यक्रमों की संक्षिप्त रूपरेखा सूचना–पत्र 'ज्ञानदीप' के माध्यम से हम आप तक पहुंचाते रहे हैं। हमारी आकांक्षा यही है कि हम निरंतर नई उंचाइंयों को छूने का सतत प्रयास करते रहें। आपकी प्रतिक्रिया एवं अमूल्य सुझाव का हमें सदैव से इंतजार है .... **– मुख्य संपादक**

1. मुख्य पुल इंजीनियरों का सेमिनार



मुख्य पुल इंजीनियरों के सेमिनार का दृश्य

दिनांक 18 एवं 19 अक्टूबर, 2010 को इरिसेन में मुख्य पुल इंजीनियरों का सेमिनार आयोजित किया गया। जिसमें सभी क्षेत्रीय रेलों के मुख्य पुल इंजीनियरों ने हिस्सा लिया। उन्होंने विभिन्न प्रस्तावित कार्यसूची मदों पर चर्चा की । सेमिनार के दौरान निम्नलिखित प्रस्तुतीकरण दिए गए : एम इंजीनियर्स इंक,यूएसए के ग्लेन जे. द्वारा ''अंडरवाटर इंस्पेक्शन ऑफ ब्रिज,'' APNA टेक्नालॉजि, मुंबई द्वारा ''हेल्थ मॉनिटरिंग ऑफ ब्रिजेज,'' मुख्य पुल इंजी., पूर्व, रेल द्वारा ''री–हेबिलिटेशन ऑफ पेन्डुलम बेयरिंग्स ऑफ जुबली ब्रिज,'' मुख्य पुल इंजी., पश्चिम रेल द्वारा ''डिजाइन ऑफ कंपोजिट गर्डर,'' मुख्य पुल इंजीनियर, दक्षिण पश्चिम रेल द्वारा ''लांचिंग ऑफ कंपोजिट आरओबी ऐट व्हाइट फील्ड,'' कार्यकारी निदेशक, बी.एंड एस–1, आरडीएसओ, लखनऊ द्वारा ''प्रोविजन ऑफ मेन रिफ्यूजेज,''

संरक्षक
ए. के. गोयल
निदेशक
भा.रे.सि.इं.सं.पुणे

मुख्य संपादक
नीलमणि
उप मुख्य राजभाषा अधिकारी
एवं प्राध्यापक, रेलपथ

संपादक
अरुणाभा ठाकुर
राजभाषा अधीक्षक

मुख्य पुल इंजी., दक्षिण रेल द्वारा ''री गर्डरिंग ऑफ ब्रिज न. 296,'' मुख्य पुल इंजी., दक्षिण मध्य रेल, द्वारा ''रीगर्डरिंग ऑफ ब्रिज नं. 4 (वेस्ट) ऑफ विजयवाड़ा डिवीजन''। सेमिनार की सार्थकता को देखते हुए इसकी बहुत सराहना की गई।

2. मुख्य सामान्य इंजीनियर एवं प्रशिक्षण प्रबंधको के लिए सेमिनार



मुख्य सामान्य इंजीनियरों एवं प्रशिक्षण प्रबंधकों के सेमिनार का दृश्य

दिनांक 22 एवं 23 नवंबर, 2010 को इरिसेन में प्रशिक्षण सेमिनार आयोजित किया गया। मुख्य सामान्य इंजीनियरों एवं प्रशिक्षण प्रबंधकों के साथ-साथ तत्संबंधित रेलों के क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्रों के प्राचार्यों ने सेमिनार में हिस्सा लिया। इनके द्वारा विभिन्न क्षेत्रीय रेलों की कार्यसूची मदों पर चर्चा की गई। सेमिनार में निम्नलिखित प्रस्तुतीकरण भी दिए गए : मुख्य सामान्य इंजीनियर, दक्षिण मध्य रेल द्वारा ''ऑन-लाइन कम्प्लेन्ट मैनेजमेंट सिस्टम फॉर कॉलोनी मेंटेनेंस,'' जी.रविकांत, RAEMTI, पुणे द्वारा ''RTI ऐक्ट, 2005,'' सीनियर रेलवे ऐडवोकेट, मुंबई, मध्य रेल द्वारा ''केस स्टडीज ऑन आर्बिट्रेशन इन रेलवे कॉन्ट्रैक्ट,'' विभिन्न क्षेत्रीय रेलों द्वारा ग्रुप 'सी' एवं ग्रुप 'डी' स्टाफ के प्रशिक्षण की स्थिति। प्रतिभागियों द्वारा इंजीनियरिंग विभाग के ग्रुप ''सी'' कर्मचारियों के बेहतर प्रशिक्षण की आवश्यकता पर बल दिया गया।

3. प्रधान मुख्य इंजीनियरों का सेमिनार



प्रधान मुख्य इंजीनियरों के सेमिनार का दृश्य

इरिसेन में दिनांक 25 एवं 26 नवंबर, 2010 को प्रधान मुख्य इंजीनियरों का सेमिनार आयोजित किया गया जिसका उद्देश्य प्रधान मुख्य इंजीनियरों के बीच विचार-विमर्श के लिए मंच प्रदान करना तथा सिविल इंजीनियरिंग विभाग को प्रभावित करनेवाले विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान देना था।

विभिन्न क्षेत्रीय रेलों की कार्यसूची मदों पर भी चर्चा की गई। सेमिनार में निम्नलिखित प्रस्तुतीकरण दिए गए : प्रधान मुख्य इंजीनियर, पूर्व मध्य रेल द्वारा ''मल्टी फंक्शनल कम्प्लेक्सेज,'' प्रधान मुख्य इंजीनियर, दक्षिण रेल द्वारा ''नोवेल मेथड ऑफ लिफ्टिंग ऑफ बिल्डिंग,'' वरिष्ठ प्राध्यापक, रेलपथ-2, इरिसेन द्वारा ''रेल ग्राइंडिंग,'' एवं मुख्य इंजीनियर, टीएमएस, उत्तर रेलवे द्वारा 'TMS'. प्रतिभागियों द्वारा सेमिनार की सराहना की गई।

4. सरकारी-निजी साझेदारी पर विशेष पाठ्यक्रम

इरिसेन में दि. 06 से 8 दिसंबर 2010 तक सरकारी निजी साझेदारी पर तीन दिवसीय विशेष पाठ्यक्रम आयोजित किया गया। अतिथि व्याख्याता के रुप में व्याख्यान देने के लिए प्रतिष्ठित व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया। रेलवे एवं सार्वजनिक उपक्रमों के 31 अधिकारियों ने पाठ्यक्रम में हिस्सा



सरकारी निजी साझेदारी के बैठक का दृश्य

लिया। इस पाठ्यक्रम में सरकारी -निजी साझेदारी के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

पाठ्यक्रम के दौरान निम्नलिखित प्रस्तुतीकरण दिए गए : श्री. एन. एल. लालवानी, वरिष्ठ प्राध्यापक. पुल-2 द्वारा ''पीपीपी इन इंफ्रास्ट्रक्चर ओवरविव्यू,'' प्रोफेसर जी. रघुराम, आईआईएम, अहमदाबाद द्वारा ''इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट इन रेलवे थ्रू पीपीपी एंड इट्स नीड,'' प्रोफेसर आनंद शर्मा, आईआईएम, बैंगलुरु द्वारा ''वेरियस फायनांसिंग ऑप्शन एंड कन्सेप्ट ऑफ प्रोजेक्ट फायनांसिंग,'' पी.के. अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक, एल एंड ए-II, रेलवे बोर्ड द्वारा ''पीपीपीः वर्ल्ड क्लास स्टेशन एंड मल्टीफंक्शनल कॉम्प्लेक्सेस,'' अर्किता खंडुआल, महाप्रबंधक, आईडीबीआई बैंक, मुंबई द्वारा ''पीपीपीः इन इंफ्रास्ट्रक्चर, लेंडर्स पर्सपेक्टिव-ड्यू डिलीजेन्स एंड फायनान्शियल क्लोजर,'' अनिल गुप्ता, महाप्रबंधक आरएलडीए, द्वारा ''पीपीपी : प्रोजेक्ट प्रोसेस (आरएफक्यू, आरटीपी) बीडिंग एंड एमसीए,'' रमाकांत झा, निदेशक, GIFT गुजरात द्वारा ''एक्सपीरिएंस ऑफ पीपीपी : प्रोजेक्ट इन अर्बन फ्लायओवर इन मुंबई-पुणे एक्सप्रेस-वे,'' एस.के. निर्मल, डीजीएम, NHAI द्वारा ''पीपीपीः एक्सपिरिएंस इन हाई-वे सेक्टर,'' एन. सुब्रह्मणयम, L&T मुंबई, द्वारा ''पीपीपीः एक्सपिरिएंस-कन्सेशनरी पर्सपेक्टिव,'' वी.के. कालरा (से.नि.), पूर्व निदेशक AAI द्वारा ''पीपीपीः एक्सपीरिएंस इन एअरपोर्ट सेक्टर,'' एस.के.शाहा, निदेशक (इंफ्रा.) प्लानिंग कमीशन, नई दिल्ली द्वारा ''पीपीपीः गर्वनमेंट ऑफ इंडिया पर्सपेक्टिव एंड पॉलिसी फ्रेमवर्क विथ इम्फेसिस ऑन इंन्स्टीट्युशनल मेकेनिजम,''। तदुपरांत निदेशक, मि. कालरा, वरिष्ठ प्राध्यापक, प्रोजेक्ट तथा वरिष्ठ प्राध्यापक, पुल-2 ने प्रतिभागियों के साथ विस्तार से चर्चा की। पाठ्यक्रम का उद्देश्य सार्थक रहा। प्रतिभागियों द्वारा पाठ्यक्रम की सराहना की गई।

5. इरिसेन छात्रावास मेस का निजीकरण

रेलवे बोर्ड के दिनांक 16 अगस्त 2005 के पत्र सं. ई (जी)/91 ए 6-1 के अनुसार केंद्रीकृत प्रशिक्षण संस्थान में मेस स्व-प्रबंधन एवं स्व-अर्थव्यवस्था के आधार पर प्राइवेट स्थापित किया जाना है। इरिसेन में प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षु अधिकारियों के लाभ के लिए मेस सुविधा के साथ अन्य सेवाओं के प्रावधान के लिए ''इरिसेन प्रशिक्षु अधिकारियों की सहायता के लिए असोसिएशन,'' AAITO (असोसिएशन फॉर असिसटेंस टू इरिसेन ट्रेनी ऑफिसर) नाम की संस्था कार्यरत है। इस व्यवस्था से भारतीय रेल सिविल इंजीनियरिंग सेवा परिवीक्षार्थियों को छोड़कर अन्य सभी प्रशिक्षु अधिकारियों को यात्रा भत्ता का पूरा लाभ मिलेगा।

रेलवे बोर्ड के अनुदेश के अनुपालन स्वरुप AAITO ने एक निविदा को अंतिम रुप दिया तथा मेसर्स स्टेनी कैटरर्स, मुंबई को काम सौंपा है । वर्तमान विभागीय मेस 06 दिसंबर 2010 से चलाया जा रहा है ।

6. सर्तकता जागरुकता सप्ताह का आयोजन



सतर्कता जागरुकता सप्ताह के अवसर पर मंचासीन निदेशक, इरिसेन
श्री ए. के. गोयल एवं वरिष्ठ उप महाप्रबंधक, प. रेल

भारतीय रेल, पर दिनांक 25 अक्टूबर से 01 नवंबर, 2010 तक सतर्कता जागरुकता सप्ताह का आयोजन किया गया । सतर्कता जागरुकता सप्ताह के शुभारंभ में दिनांक 25 अक्टूबर, 10 को 11.00 बजे संस्थान के सभी अधिकारियों, प्रशिक्षु अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा कर्तव्य के प्रति जागरुकता एवं सत्यनिष्ठा बनाए रखने के लिए प्रतिज्ञा ली गई ।

इसी क्रम में दिनांक 26 अक्टूबर, 10 को रेल के कार्यो में भ्रष्टाचार उन्मूलन एवं पारदर्शिता लाने हेतु किए जाने वाले पूर्वोपाय पर पश्चिम रेल के वरिष्ठ उप महाप्रबंधक श्री ओ.पी.अग्रवाल ने व्याख्यान दिया। श्री अग्रवाल ने व्याख्यान के दौरान रेल प्रणाली के कुछ महत्त्वपूर्ण हिस्सों पर भ्रष्टाचार रोकने के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भूमिका पर प्रकाश डाला । सभी संकाय सदस्य, प्रशिक्षु अधिकारीगण एवं कर्मचारियों ने उनका व्याख्यान ध्यानपूर्वक सुना । उपस्थित सदस्यों ने शंका समाधान हेतु व्याख्याता से सर्तकता विषय से संबंधित प्रश्न पूछे । प्रश्नोत्तर सत्र के उपरांत कार्यक्रम का समापन किया गया ।

7. राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 109वीं बैठक



राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 109 वीं बैठक का दृश्य

दिनांक 11 नवंबर, 2010 को इरिसेन में गठित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 109वीं बैठक संस्थान के निदेशक एवं समिति के अध्यक्ष श्री अशोक कुमार गोयल की अध्यक्षता में संपन्न हुई । बैठक में समिति के अध्यक्ष ने उपस्थित सदस्यों एवं मध्य रेल की राजभाषा अधिकारी श्रीमती आशा मिश्रा का हार्दिक स्वागत किया । अध्यक्ष ने नियमित रूप से आयोजित बैठक में राजभाषा के उत्तरोत्तर प्रगति के बारे में विस्तार से चर्चा की । चर्चा में संस्थान के कर्मचारी द्वारा राजभाषा में काम करने की सराहना करते हुए संस्थान में समेकित पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण ले रहे समूह 'ख' अधिकारियों के कार्यक्षेत्र की विस्तृतता को ध्यान में रखकर हिंदी में लेक्चर नोट, तकनीकी पुस्तकें, तकनीकी फिल्में उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया । अध्यक्ष ने कहा कि अनुवाद द्वारा इन सामग्रियों पर काम किया जा रहा है, परंतु, इनकी सार्थकता तभी होगी जब इन सामग्रियों को मूल रूप से हिंदी में बनाया जाएगा।

8. स्वागत / बिदाई

* **श्री विजय सदाशिव जाधव,** सीनियर सेक्शन इंजीनियर (रेलपथ) चर्चगेट, पश्चिम रेल ने इरिसेन में सीनियर सेक्शन इंजीनियर (प्रयोगशाला) का पदभार दिनांक 18 दिसंबर, 2010 से संभाल लिया है । संस्थान आपका हार्दिक स्वागत करता है ।

* संस्थान के छात्रावास में कार्यरत **श्री शेखलाल मौला**, दफ्तरी दिनांक 19 सप्टेंबर 2010 को रेल में नियमित खलासी के रुप में नियुक्त हुए । 34 साल 21 दिन की सेवा पूरी करके वे 30 नवंबर, 2010 को सेवानिवृत्त हुए । संस्थान इनकी सुखद एवं शांतिपूर्ण जीवनयापन की कामना करता है ।

9. अन्य पाठ्यक्रम

- 11/10/10 से 15/10/10 तक रेल व्हील इंटरेक्शन एवं डीरेलमेंट पर विशेष पाठ्यक्रम ।
- 11/10/10 से 15/10/10 तक भा.रे.भं. से. (परि.) के लिए जागरूकता पाठ्यक्रम ।
- 18/10/10 से 19/10/10 तक मुख्य पुल इंजीनियरों के लिए सेमिनार ।
- 18/10/10 से 22/10/10 तक ट्रैक मशीन एवं स्मॉल ट्रैक मशीन उपयोगकर्ताओं के लिए विशेष पाठ्यक्रम ।
- 08/11/10 से 11/11/10 तक रेल ग्राइंडिंग पर विशेष पाठ्यक्रम ।
- 09/11/10 से 12/11/10 तक रेल ग्राइंडिंग पर विशेष पाठ्यक्रम ।
- 15/11/10 से 18/11/10 तक रेल ग्राइंडिंग पर विशेष पाठ्यक्रम ।
- 16/11/10 से 20/11/10 तक रेल ग्राइंडिंग पर विशेष पाठ्यक्रम ।
- 22/11/10 से 23/11/10 तक प्रशिक्षण सेमिनार ।
- 22/11/10 से 26/11/10 तक ठेका एवं विवाचन पर विशेष पाठ्यक्रम ।
- 25/10/10 से 28/10/10 तक रेल ग्राइंडिंग पर विशेष पाठ्यक्रम ।
- 26/10/10 से 29/10/10 तक रेल ग्राइंडिंग पर विशेष पाठ्यक्रम ।
- 22/11/10 से 03/12/10 तक ग्रेजुएट इंजीनियर के लिए विशेष पाठ्यक्रम ।
- 29/11/10 से 03/12/10 तक पुलों एवं आर्च पुलों के निरीक्षण पर विशेष पाठ्यक्रम ।
- 13/12/10 से 17/12/10 तक भा.रे.सि.इं.से. (परि.) 2009 परीक्षा बैच के लिए प्रारंभिक पाठ्यक्रम ।
- 06/12/10 से 08/12/10 तक सरकारी निजी साझेदारी पर विशेष पाठ्यक्रम ।
- 27/12/10 से 03/02/11 तक समेकित पाठ्यक्रम (संयुक्त) ।
- 27/12/10 से 31/12/10 तक हाइड्रॉलिक डिजाइन, ब्रिचेज व फ्लड्स एवं रिस्टोरेशन व टनलिंग पर विशेष पाठ्यक्रम ।
- 20/12/10 से 23/12/10 तक रेल ग्राइंडिंग पर विशेष पाठ्यक्रम ।
- 21/12/10 से 24/12/10 तक रेल ग्राइंडिंग पर विशेष पाठ्यक्रम ।
- 15/11/10 से 23/12/10 तक समेकित पाठ्यक्रम (रेलपथ) ।
- 13/12/10 से 24/12/10 तक प्री–इंटीग्रेटेड पाठ्यक्रम ।
- 27/12/10 से 07/01/11 तक व. अधीनस्थों एवं प्रशिक्षकों (कार्य मॉड्युल) के लिए विशेष पाठ्यक्रम ।

10. बधाई / शुभकामनाएं

अधिकारियों को जन्म दिवस पर हार्दिक बधाई

03 जनवरी	श्री नीलमणि	उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्राध्यापक रेलपथ
09 जनवरी	श्री एस.के. गर्ग	वरिष्ठ प्राध्यापक, कार्य
11 जनवरी	श्री नीरज कुमार खरे	सह प्राध्यापक, कार्य
21 जनवरी	श्री मनोज अरोरा	वरिष्ठ प्राध्यापक, रेलपथ – 1
01 मार्च	श्री ए.के. गोयल	निदेशक
02 मार्च	श्री राजेश कुमार	वरिष्ठ प्रशा. श्रेणी

अधिकारियों को विवाह वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई

07 जनवरी	श्री एन. आर. काले	सहायक कार्यकारी इंजी. 1
18 जनवरी	श्री पी. के. गर्ग	वरिष्ठ प्राध्यापक, रेलपथ 2
02 फरवरी	श्री के. नारायण	निजी सचिव/निदेशक
09 फरवरी	श्री नीलमणि	प्राध्यापक, रेलपथ
15 फरवरी	श्री एस. के. गर्ग	वरिष्ठ प्राध्यापक, कार्य
17 फरवरी	श्री अजय गोयल	वरिष्ठ प्राध्यापक पुल – 1
05 मार्च	श्री एस.के. बसंल	वरिष्ठ प्राध्यापक, प्रोजेक्ट

कर्मचारियों को जन्म दिवस पर हार्दिक बधाई

01 जनवरी	श्रीमती लता राजन	वरि. अनु.अधि.(लेखा)
07 जनवरी	श्री सुंदरलाल	वरि. खलासी
12 जनवरी	श्रीमती विद्या धानेकर	कार्यालय अधीक्षक, (भं)
11 जनवरी	श्री शैलेंद्र प्रकाश	सहायक ग्रंथपाल
14 जनवरी	श्री परशुराम	खलासी
21 जनवरी	श्रीमती चारुशीला ननावरे	व. चपरासी
01 फरवरी	श्री के.के. आइजैक	कार्यालय अधीक्षक
08 फरवरी	श्री फ्रांसिस जॉन गोपालन	वरि. खलासी
10 फरवरी	श्री गौस मोहम्मद	वरि. खलासी
13 फरवरी	श्री अतुल घोड़ेकर	छात्रावास अधी. 1
18 फरवरी	श्री जी. जी. वारकर	कार्यालय अधीक्षक
01 मार्च	श्री शिरीष मोरे	तकनीशियन
01 मार्च	श्री विलास तावड़े	वरिष्ठ खलासी
16 मार्च	श्री संजय भोसले	वरिष्ठ खलासी

कर्मचारियों को विवाह वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई

27 जनवरी	श्री सुधीर जगन्नाथ	वरिष्ठ खलासी
03 फरवरी	श्री शैलेंद्र प्रकाश	सहायक ग्रंथपाल
05 फरवरी	श्रीमती जयंती डी शर्मा	कार्यालय अधीक्षक
13 फरवरी	श्रीमती चारुशीला ननावरे	वरिष्ठ चपरासी
19 फरवरी	श्रीमती अरुणाभा ठाकुर	राजभाषा अधीक्षक
19 फरवरी	श्री अतुल घोड़ेकर	छात्रावास अधीक्षक 1
28 फरवरी	श्री के.पी. धुमाल	निजी सचिव ग्रेड 1
01 मार्च	श्री कालिदास उमाजी	प्रयोगशाला परिक्षक
07 मार्च	श्री दयानंद बारकोजी	वरिष्ठ खलासी
08 मार्च	श्री कृष्ण बहादुर	सहायक रसोईया

11. शब्द ज्ञान

General ability	सामान्य योग्यता	Grant-in-aid	सहायता, अनुदान
General Body	सामान्य निकाय	Gross misconduct	घोर कदाचार
Genius	प्रतिभा, प्रतिभाशाली	Grounds	आधार, मूल कारण
Good Offices	मध्यस्थता	Group insurance	समूह बीमा
Grading	श्रेणीकरण	Groupism	गुटबाजी, गुटबंदी

12. कविता

ध्यान–योग प्रसिद्धि से, था बाबा नशे में चूर,
योग ज्ञान से ध्यान हट, चला जा रहा था दूर ।
सोचा अब पैसे कमाने का मौका है आया,
बेशर्म–आश्रम के बाबा ने अपना मॉल सजाया।

खरीद कर बाजार से, तेल पेस्ट साबुन और औषधी को मंगाया,
फिर उस पर आश्रम का लेबल बड़े सलीके से चिपकाया ।
अब माल के प्रचार की बारी थी आई,
बाबा ने प्रवचन छोड़, सामान की उपयोगिता बताई।

फिर खरीदे गए चेलों ने भरपूर उत्साह दिखाया,
देश के कोनों में फ्रेंचाइजी दे, माल का आउटलेट खुलवाया।
कुछ दिनों तक, सब ठीक ही चल रहा था,
बाबा–चेलों का परिवार रईसी से पल रहा था।

चेले–बाबा भी ऐश कर रहे थे,
मॉल के नीचले दर्जे के माल को कैश कर रहे थे ।
बाबा की हर चीज दवाई का प्रचार भी बढ़िया चल रहा था,
देख कुछ राजनेताओं का दिल जल रहा था ।

फिर एक नेता ने बड़ी जोर से आवाज उठाई,
बाबा की औषधि में मनुष्य की हड्डी व चर्बी है भाई ।
फिर क्या था, बड़ा हंगामा हुआ,
धंधे में इस कई साहूकारों ने खेला था जुआ।

कुछ दिनों बाद पूरा माल ही साफ हुआ,
कमेटिंया बनी और हर इल्जाम माफ हुआ।
लुटती जनता उसी तरह लुटती रही,
बाबा–नेताओं की सुख से जिदंगी कटती रही।

– श्याम खोचे स.का.इंजी.–II

13. सृजन

''हमारे देश के त्योहार चाहे धार्मिक दृष्टि से मनाए जा रहे हों या नए वर्ष के आगमन के रूप में, फसल की कटाई एवं खलिहानों के भरने की खुशी में हों या महापुरूषों की याद में, सभी अपनी विशेषताओं एवं क्षेत्रीय प्रभाव से युक्त होने के साथ ही देश की राष्ट्रीय एवं सांस्कृतिक एकता और अखंडता को मजबूती प्रदान करते हैं। ये त्योहार जहां जनमानस में उल्लास उमंग एवं खुशहाली भर देते हैं, वहीं हमारे अंदर देशभक्ति एवं गौरव की भावना के साथ–साथ विश्व–बंधुत्व एवं समन्वय की भावना भी बढ़ाते हैं।'' .....इति.

अध्यापक राष्ट्र की संस्कृति के चतुर माली होते हैं। वे संस्कारों की जड़ों में खाद देते हैं और अपने श्रम से उन्हें सींच–सींचकर महाप्राण शक्तियां बनाते हैं।

– अरविंद घोष

नीलमणि, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्राध्यापक, रेलपथ, भारतीय रेल सिविल इंजीनियरिंग संस्थान, पुणे–1 द्वारा केवल सीमित निशुल्क वितरण हेतु प्रकाशित एवं मेसर्स, **कल्याणी कॉर्पोरेशन,** 1464, सदाशिव पेठ, पुणे– 30. फोन : 24486080 द्वारा मुद्रित। (3000 प्रतियां)

Design & Printed at Kalyani Corporation, Pune-30. Tel. 24486080